

देवभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना किट देते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा से लौटी चकराता की महिला को बच्चे के साथ किया क्वारंटाइन

**संवाददाता** विकासनगर। उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने नोएडा से आयी महिला को बच्चे समेत इंस्टीट्यूशनल क्वारंटाइन के लिए देहरादून भेजा है। नोएडा से आई महिला ने कुछ दिन सहारनपुर में रुकी थी और वहां से किसी से लिफ्ट लेकर विकासनगर तक पहुंची। महिला की ट्रेवल हिस्ट्री को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे देहरादून स्थित एक महिला हास्टल में क्वारंटाइन किया है। दून के चिकित्सकों की टीम महिला का सैंपल लेगी।

### इंदिरा अम्मा किचन अब चलेगी पूरे लॉक डाउन तक

**संवाददाता** देहरादून। महानगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष गौतम सोनकर के नेतृत्व में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के कैम्प कार्यालय कालिंदी एनक्लेव बल्लीवाला चौक में चल रही इंदिरा अम्मा किचन अब पूरे लॉक डाउन काल यानी तीन मई तक चलेगी। किचन के संचालन के बीसवें दिन सूर्यकांत धस्माना ने महानगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष गौतम सोनकर व यूनकी टीम को किचन पहुंचकर सम्मानित किया व उनसे पूरे लॉक डाउन अवधि तक किचन को जारी रखने का आग्रह किया जिसे युवा कांग्रेस ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

### ऑनलाइन मार्केटिंग न्यायोचित नहीं, करेंगे विरोध

**संवाददाता** देहरादून। जिला कांग्रेस कमेटी पछवादून के अध्यक्ष संजय किशोर महेन्द्रू ने कहा है कि ऑनलाइन मार्केटिंग पूरी तरह से न्यायोचित नहीं है ओर इसका विरोध किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन कंपनी को जैसे वालमैट, अमेजन आदि कंपनियों को अनुमति दी गई है जो की न्यायाचित नहीं है और उन्होंने कहा कि जहां एक ओर सरकार लगातार देश के व्यापारियों से समर्थन व सहयोग मांग रही है और कह रही है कि आपको गरीबों की मदद करनी है ओर कर्मचारियों में वेतन देना है।

### एक लाख मॉस्क बनाएगी देवभूमि मानव संसाधन विकास ट्रस्ट

**संवाददाता** देहरादून। समाज सेवा स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली देवभूमि मानव संसाधन विकास ट्रस्ट एक लाख फेस मॉस्क बना कर मुफ्त वितरित करने का काम कर रही है और इसके लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। बल्लीवाला चौक में मॉस्क बनाने व वितरण की योजना का शुभारंभ करते हुए देवभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि ट्रस्ट माता मंगला व भोले महाराज के हंस फाउंडेशन के सहयोग से पिछले बीस दिनों से गरीब व जरूरत मंद लोगों को सूखा राशन वितरित कर रहा है।

### दून में सड़क पर मिले पांच सौ के चार नोट, किसी ने नहीं किया उठाने का प्रयास

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के धर्मपुर सब्जी मंडी के नजदीक 500–500 के चार और 100 रुपये का एक नोट मिलने से लोगों में कोरोना संक्रमण को लेकर दहशत फैल गई। नोटों को दूर से ही देख लोग आगे बढ़ते गए, किसी ने भी नोटों को उठाने का प्रयास नहीं किया। ऐसी दौरान किसी ने इसकी सूचना नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने आकर सुरक्षित ढंग से नोटों को जब्त किया और उन्हें जांच के लिए रख दिया है।

सीओ नेहरू कॉलोनी पल्लवी त्यागी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि धर्मपुर सब्जी मंडी के नजदीक सड़क पर नोट गिरे हैं। यह नोट किसी के जेब से गिर गए या गिराये गए हैं। इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि नोटों को सुरक्षित ढंग से उठाकर सील कर दिया है। वही मंडी में अनाउंसमेंट कर दिया गया है कि यदि किसी की जेब से नोट गिरे हैं तो वहां पुलिस से संपर्क कर सकता है। जमीन पर पड़े नोटों को देख स्थानीय लोगों में यह भी चर्चा रही कि किसी ने थूक लगाकर संक्रमण फैलाने के उद्देश्य से नोटों को गिराया है। इसी खौफ में किसी ने नोटों को उठाने का साहस नहीं किया। वहीं, सीओ पल्लवी त्यागी ने बताया कि नोट किसी की जेब से गिरे हैं या किसी ने थूक लगाकर गिराए हैं इसकी जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए जाएंगे यदि किसी ने नोट थूक लगाकर गिराएं होंगे तो कैमरे में इसका पता लग जाएगा और यदि किसी के जेब से नोट अगर गिरे हैं तो यह पता लगाना मुश्किल है।

# पुलिस, पर्यावरण मित्रों व सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित

**सम्मान**

## प्रोत्साहन राशि, फल व जूस किया गया प्रदान



**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 से निपटने के लिए पुलिस कर्मचारियों एवं नगर निगम के सफाई कर्मचारियों व पर्यावरण मित्र कोरोना योद्धाओं को सराहनीय कार्य करने के लिए राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य जयपाल वाल्मीकि व क्षेत्रीय पार्षद योगेश घाघट योगी ने रूप फूलों की वर्षा के बीच उन्हें पगडी पहनाकर सम्मानित किया गया व महिला सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि, फल व जूस प्रदान किया गया। आर्यनगर स्थित वाल्मीकि बस्ती में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कोरोना वायरस कोविड 19 से निपटने के लिए शुरूआती दौर से ही जिस प्रकार से पुलिस कर्मचारी नगर निगम के पर्यावरण मित्र कोरोना योद्धाओं के रूप में कार्य कर रहे है और वह सम्मान करने के योग्य है इसी के परिपेक्ष्य में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य जयपाल वाल्मीकि व क्षेत्रीय पार्षद योगेश घाघट योगी ने रूप फूलों की वर्षा के बीच पगडी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि, फल व जूस का वितरण किया गया।

इस अवसर पर राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य ने कहा है कि आज जिस प्रकार से देश व प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण लगातार फैल रहा है और जिस प्रकार से प्रदेश सरकार की तैयारियां है निश्चित तौर पर हम कोरोना से जंग जीत लेंगें और पूर्व में सब कुछ सामान्य चल रहा था लेकिन बीच में जमातियों के यहां पर आने पर स्थिति कुछ विकट हुई है लेकिन अभी भी यह पूरी तरह से नियंत्रित है और आने वाले समय में सब कुछ सामान्य हो जायेगा और सरकार एवं नगर निगम की ओर से इस दिशा में हरसंभव प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि जहां जहां सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है वहां पर लगातार समाजिक दूरी का पूरा पालन किया जा रहा है।

क्षेत्रीय पार्षद योगेश घाघट योगी ने कहा कि उत्तराखंड के नगर निगम के सभी स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा कोरोना के खिलाफ जंग में अपनी जान की परवाह किये बिना दिन रात समाज की सेवा कर रहे सभी पर्यावरण मित्रों के लिए आर्थिक सहायता देने का जोर दिया है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रधान जसवीर सिंह जस्सू ने कहा है कि नगर निगम द्वारा शहर के हर क्षेत्र चाहे मलिन बस्तियां हो, सड़कें, मुख्य बाजार, पॉश इलाके हर जगह नगर निगम द्वारा सैनिटाइजेसन का कार्य किया जा रहा है।

# अब दून, हरिद्वार और नैनीताल रेड जोन हो गए

**कहर**

■ शुरू होने वाले 70 उद्यमों पर लगा ग्रहण

देहरादून। **संवाददाता**

पांच दिनों के अंतराल के बाद उत्तराखंड में कोरोना वायरस संक्रमितों के केस अचानक से बढ़ गए हैं। प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 35 होने के बाद नए केस सामने न आने से स्थित नियंत्रित लग रही थी, उत्तराखंड को देश के सुरक्षित प्रदेश माना जा रहा था। लेकिन उसके बाद अलग–अलग दिनों में सात नए केस सामने आने के बाद प्रदेश में हड़कंप मच गया है। वर्तमान में कोरोना संक्रमितों की संख्या 42 है। ऐसे में प्रदेश सरकार ने अब नैनीताल को भी रेड जोन घाषित कर दिया है। प्रदेश में फिजहाल अब तक तीन नए देहरादून, हरिद्वार और नैनीताल रेड जोन हो गए हैं। ऐसे में जिले में जिन 70 प्रकार के जिन उद्यमों को शुरू करने की मंजूरी सरकार से मिली थी फिलहाल उन पर भी ग्रहण लग गया है। शनिवार को रुड़की में एक महिला समेत दो लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद हरिद्वार जिले को रेड जोन घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही नैनीताल को भी रेड जोन में शामिल किया गया है। वहीं, देहरादून पहले ही बीस लोगों में कोरोना पॉजीटिव मिलने के बाद से रेड जोन घोषित कर दिया गया था। अपर सचिव स्वास्थ्य, युगल किशोर पंत ने बताया कि कोरोना संक्रमित मामलों के आधार पर प्रदेश को तीन जोन में बांटा गया है।

प्रदेश में अब तक कुल कोरोना वायरस संक्रमित मामलों में से 80 फीसदी मामले देहरादून, नैनीताल और हरिद्वार में सामने आए हैं। इसलिए तीनों जिलों को रेड जोन में शामिल किया गया है। वहीं, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा और पौड़ी को ऑरेंज जोन में शामिल किया गया है। अन्य सात जिले ग्रीन जोन में शामिल हैं।

**अल्मोड़ा जिले के लिए राहत भरी खबर**

अल्मोड़ा जनपद के लिए राहत भरी खबर है। दिल्ली में तब्लीगी जमात के मरकज से कोरोना वायरस से संक्रमित जमाती की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। वह जिला मुख्यालय स्थित बेस चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज ब्लॉक में बने आइसोलेशन वार्ड में भर्ती है। उसके साथ ही तीन अन्य के स्वैब की जांच रिपोर्ट भी निगेटिव आने के बाद कोरोना मुक्त होने से बी–ग्रेड में शामिल अल्मोड़ा जिले को अब ए ग्रेड का दर्जा मिलने की संभाना है।

### मैदान में बारिश और पहाड़ों पर ओलावृष्टि से गिरा पारा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में मौसम रविवार को भी सुबह से ही पहाड़ों से लेकर मैदान तक बादलों के बीच धूप की आंख–मिचौनी चलती रही। दोपहर बाद गरज वाले बादल विकसित हुए और पहाड़ी इलाकों में कहीं–कहीं ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। जबकि, मैदानों में तेज हवाओं के साथ बौछार पड़ीं। वहीं, चारधाम समेत उच्च हिमालयी क्षेत्रों में देर शाम हिमपात हुआ।

मौसम के बिगड़े तेवर से तापमान में भी दो से तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को प्रदेश में मौसम साफ रहने से लेकर आंशिक रूप से बादल छाये रहे। शनिवार से ही कुमाऊं के नैनीताल और ऊधमसिंह नगर के मैदानी क्षेत्रों में बादल घिरे रहे, लेकिन हल्की बूंदाबांदी के बाद मौसम साफ हो गया। पिथौरागढ़ की ऊंची चोटियों पंचाचूली, छिपलाकेदार, राजरंभा, नंदा देवी आदि में हिमपात हुआ। बागेश्वर जिले में भी तेज हवाओं के साथ बौछार पड़ीं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।